हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार 3 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 14 .5 डिग्री
न्यूनतम 12 .4 डिग्री

11 स्वयंसेवकों को अच्छे कार्यों के लिए प्रमाण-पत्र वितरित



12 सीएम ने हांसी को जिला बना कर हांसी का खोया गौरव...



## खबर संक्षेप

### पूर्णिमा पर हवन व भंडारे का आयोजन आज

**सिवानी।** अंग्रेजी नववर्ष 2026 की पहली पावन पूर्णिमा के अवसर पर संजीवनी आश्रम में शनिवार को प्रातः 10 बजे विधिवत हवन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भंडारा एवं सवामणी के प्रसाद की व्यवस्था की गई है। संजीवनी आश्रम के महंत पारुल ने बताया कि यह आयोजन नववर्ष में सुख, शांति, स्वास्थ्य एवं सकारात्मक ऊर्जा की कामना के उद्देश्य से किया जा रहा है।

### 32 बेसहारा पशुओं को भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के निर्देशानुसार पर बेसहारा पशुओं को पकड़े जाने का अभियान लगातार जारी है। निगम की टीम ने दो दिन में को सातरोड, सेक्टर 9-11, पड़ाव चौक, ऑटो मार्केट, माल कॉलोनी, कैमरी रोड के आस-पास के क्षेत्र से 32 बेसहारा पशुओं को पकड़ाकर गो-अभ्यारण भेजा गया।

### संदीप मिर्जापुर बने बरवाला विधानसभा अध्यक्ष

**हिसार।** बहुजन समाज पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के लिए संदीप मिर्जापुर को बरवाला विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संदीप मिर्जापुर लंबे समय से पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को पूरी निष्ठा ईमानदारी और समर्पण के साथ जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। विधानसभा उपाध्यक्ष काला खरकड़ी को महासचिव नियुक्त किया गया है जबकि सौरव जनागल को भी संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### बालसमंद माइनर टूटने से किसानों को नुकसान

**हिसार।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा ने कहा कि नववर्ष पर हिसार में बालसमंद माइनर टूट जाने से तीस एकड़ किसानों की भूमि की फसल नष्ट हो गई जिसके कारण किसानों की फसलों का नुकसान हो गया। उन्होंने सरकार से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की है।

### 94वीं धार्मिक बस यात्रा का आयोजन

**आदमपुर।** नववर्ष पर श्रीखाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति की ओर से 94वीं धार्मिक बस यात्रा का आयोजन किया गया। शुभारंभ समाजसेवी सुभाष सोनी, कमेटी अध्यक्ष अमित गोयल, नरेश गोयल, नवीन बंसल व सोनू गर्ग बरासरी ने बाबा की ध्वजा के साथ किया। श्रद्धालुओं ने सालासर बालाजी व खाटू श्याम के दर्शन किए। इस दौरान लक्की ड्रा के रूप में निकाले गए पांच चांदी के लोकेट विकास हिसार, पूजा न्योली, दीक्षांत खाबड़ा, अशोक हिसार व पुष्कर राठी को मिले। नए वर्ष पर बाबा के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। इस मौके पर हनुमान भट्टू, रविंद्र गर्ग, विजय आदमपुर, नवीन गर्ग हिसार आदि मौजूद थे।

### अवैध पिस्तौल सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने सूर्य नगर फ्लाईओवर के पास से एक युवक को अवैध पिस्तोल सहित काबू किया है। मुख्य सिपाही अनूप ने बताया कि स्पेशल स्टाफ टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर सूर्य नगर फ्लाईओवर के पास संदिग्ध युवक को काबू किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम 12 क्वार्टर निवासी सूरज उर्फ अरमान बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तोल बरामद हुई, जो चेक करने पर लोडेड पाई गई। पिस्तोल को खाली करने पर उससे एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके उस पर केस दर्ज कर लिया।

## दिन और रात के तापमान में महज 2 डिग्री सेल्सियस का अंतर

# बर्फीली हवाओं ने छुड़वाई कंपकंपी, जनजीवन प्रभावित

**लगातार दूसरे दिन भी कोल्ड डे रहा, लोगों की मुश्किलें बढ़ी**

**शुक्रवार को हिसार का न्यूनतम तापमान 12.4 तथा अधिकतम पारा 14.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया**





हिसार। ठंड से बचने के लिए आग पर हाथ सेकते लोग व शीत लहर के चलते लक्ष्मीबाई चौक की सड़क पर सन्नाटा।

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नव वर्ष में हाड़ कंपा देने वाली ठंड अपने शबाब पर है। लगातार दूसरे दिन भी शहर में कोल्ड डे की स्थिति बनी रही। दो दिन से सूर्यदेव द्वारा दर्शन न देने से ठंड और ज्यादा बढ़ गई है। इसके चलते लोग ठंड से बचने के लिए घरों में ही दुबके रहे। भीषण ठंड के प्रकोप से बचने के लिए लोगों जगह-जगह अलाव सेकते देखे गए। जिले के अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच अंतर काफी कम रहने से अब रात और अलसुबह के साथ-साथ दिन के समय में भी ज्यादा सर्दी रही। आईएमडी के अनुसार शुक्रवार को हिसार का न्यूनतम तापमान 12.4 तथा अधिकतम पारा 14.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अगले कुछ दिन और ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है और ठंड बढ़ने की संभावना है। सात जनवरी तक पूरे प्रदेश में मौसम मुख्य रूप से शुष्क बना रहेगा। कल और परसों कई स्थानों पर घना कोहरा और कुछ स्थानों पर शीतलहर जारी रहने की संभावना है। 5 जनवरी के बाद कोहरे की तीव्रता में थोड़ी कमी आ सकती है, लेकिन धुंध का असर बने रहने की उम्मीद है।

### ठंड का सिलसिला जारी रहेगा

राजकीय महाविद्यालय नारनौल, पर्यावरण क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार आने वाले दिनों में हरियाणा एनसीआर दिल्ली में लगातार ठंड का सिलसिला जारी रहेगा। जहां कोहरा नहीं होगा वहां रात के तापमान में गिरावट शीतलहर, पाला जमने की गतिविधियां रहेंगी। इसके अलावा और जहां धुंध कोहरा होगा वहां दिन के तापमान में गिरावट और शीत दिवस की स्थिति देखने को मिलेगी।

### उत्तरी हवाओं और धुंध से ठंड का डबल अटैक

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान परिदृश्य में जैसे ही पश्चिमी मौसम प्रणाली आगे निकली वैसे ही हवाओं की दिशा उत्तरी पश्चिमी होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में ठंड की ठिठुरन और सिहरन बढ़ी है। साथ ही हल्की बारिश बूंदाबांदी की वजह से वातावरण में नमी की मात्रा में बढ़ोतरी से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर धुंध कोहरा भी सम्पूर्ण इलाके को अपने आगोश में समा लेता है। उत्तरी हवाओं और धुंध कोहरा से हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर ठंड का डबल अटैक देखने को मिल रहा है एक तरफ धुंध, दूसरी तरफ कोल्ड डे की स्थिति देखने को मिल रही है। जहां एक तरफ वातावरण की निचले सतह में कोहरा देखने को मिल रहा है वहीं दूसरी तरफ वातावरण की ऊपरी सतह पर भी बादलों के रूप में कोहरा छाया रहा। निचली सतह का कोहरा जल्दी हट जाता है जबकि ऊपरी सतह का कोहरा की परत मुश्किल से हटती है।

### दो दिन से ठंड अपने पूरे शबाब पर

अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अंतर कम होने और धूप न निकलने की वजह से पिछले दो दिनों से दिन के समय कड़ाके की सर्दी रही। पूरे दिन भीषण ठंड रहने की वजह से शहर के व्यस्तम मार्गों में भी दिन के समय अन्य दिनों की अपेक्षा काफी कम आवागमन दिखाई दिया। शीत दिवस की स्थिति ने लोगों को अपने घरों में दुबकने को मजबूर किया वहीं दिन भर लोगों को ठंड से राहत के लिए अलावों का सहारा लेते दिखे। वहीं शहर के बाजारों से भी ठंड ने रौनक गायब कर दी है।

## अधिकारियों की दिए विशेष निर्देश

# हिसार रेलवे स्टेशन के दौरे पर पहुंचे अपर मंडल रेल प्रबंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

बीकानेर अपर मंडल रेल प्रबंधक रूपेश कुमार शुक्रवार को हिसार रेलवे स्टेशन के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने हिसार की निर्माणाधीन लॉन्ड्री का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अपर मंडल रेल प्रबन्धक ने बताया कि हिसार स्टेशन के पुनर्विकास का प्रथम चरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्टेशन भवन के समरूप में बड़े स्तर पर सुधार कार्य, स्टेशन की ओर आने-जाने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग प्रावधान का कार्य, बाउंड्री वॉल, सर्कुलेटिंग एरिया में सौंदर्य करण, दोपहिया, चौपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग सुविधा, बुकिंग ऑफिस रिटायरिंग रूम आदि में सुधार, नए टॉयलेट ब्लॉक्स लगाए गए हैं।

लगभग 27.38 करोड़ की लागत से होने वाले पुनर्विकास कार्यों में उपरोक्तकार्यों के अलावा सौंदर्य वर्धन के लिए एलइडी लाइटिंग तथा दीवारों पर आर्टवर्क भी किया गया है। सभी सुविधाओं का दिव्यांगजनों तक पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज भी लगाया गया है।

### लाल सिग्नल को किसी भी स्थिति में पार नहीं करने के सख्त निर्देश

अपर मंडल रेल प्रबंधक रूपेश कुमार ने हिसार लॉबी में परिचालन विभाग के रेलकर्मियों (ट्रेन मैनेजर एवं लोको पायलटों) की काउंसलिंग की एवं रेल संचालन में सेफ्टी को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिए। उन्होंने रेल संचालन में लाल सिग्नल को किसी भी स्थिति में पार नहीं करने के सख्त निर्देश दिए। अपर मंडल रेल प्रबंधक रूपेश कुमार के इस दौरे में वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) आदित्य लेघा, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर टीआरडी जितेन्द्र कटारिया, मंडल इंजीनियर (पूर्व) विष्णु चौधरी सहित, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक भूपेश यादव सहित रेलवे के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### फूलदार पौधों का किया वितरण

**हिसार।** पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन और सामाजिक चेतना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों में मौसमी फूलदार, सदाबहार एवं औषधीय पौधों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम संस्था की महत्वाकांक्षी मुहिम "श्मशानों को हरियाली के मंदिर बनाने" के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य न केवल श्मशान भूमियों का सौंदर्यीकरण करना है, बल्कि शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों को भी हरित बनाना है। इस पौध वितरण अभियान का आयोजन राह ग्रुप फाउंडेशन के राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश सेलपाड़ की अध्यक्षता में किया गया। जिले में अलग-अलग स्थानों पर बनाए गए फूल वितरण केंद्रों के माध्यम से शिक्षण संस्थानों को फूलदार पौधे भेंट किए गए। इस अवसर पर राह ग्रुप फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन रामनिवास वर्मा, हांसी बीजेपी के जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान, मिनाक्षी मुदगिल, सारदूल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# 49वां कुलपति सम्मेलन 5 से

- कृषि में नई आयामों की खोज व कृषि का भविष्य में योगदान एवं स्वरूप पर होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 5 व 6 जनवरी को होने वाले कुलपतियों के 49वें सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कुलपति प्रो काम्बोज ने बताया कि दो दिवसीय सम्मेलन में 'कृषि में नई आयामों की खोज व कृषि का भविष्य में योगदान एवं स्वरूप' विषय पर विस्तृत विचार विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में कुलपति कृषि, शिक्षा, अनुसंधान एवं विस्तार कार्यक्रमों को सुदृढ़ करने की दिशा में विस्तृत विचार विमर्श करेंगे। वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृषि, पशुपालन, बागवानी व मत्स्य पालन के कार्यक्रमों एवं योजनाओं को गति प्रदान करने के लिए मंथन किया जाएगा। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपतियों द्वारा प्रस्तुत नवाचार व अनुभव विकसित भारत संकल्प में कृषि क्षेत्र के योगदान व भूमिका का प्रारूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि संगठन द्वारा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को इस सम्मेलन का आयोजन करने का अवसर प्रदान करना एक गौरवशाली क्षण है। इस अवसर पर बैठक में कुलसचिव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक और अधिकारी उपस्थित रहे।



हिसार। कुलपतियों के 49वें सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा बैठक में निर्देश देते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। *फोटो: हरिभूमि*

### अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भी किया आयोजन

कुलपति ने बताया कि भारतीय कृषि विश्वविद्यालय संगठन का वर्ष 1967 में स्थापना के पश्चात अपने कर्तव्यों का दायित्व निभाने में अहम योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि संगठन ने अब तक इस दिशा में कार्य करते हुए कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के 48 सम्मेलन, 15 राष्ट्रीय संगोष्ठी, 13 विशेष विचार विमर्श कार्यक्रम व क्षेत्रीय बैठकें आयोजित की हैं। इसके अतिरिक्त संगठन ने एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भी आयोजन किया है।

### कंवारी में खेत में काम कर रही महिला को सांप ने डंसा, मौत

**हांसी।** कंवारी गांव में अपने खेत में काम कर रही एक महिला को सांप ने डस लिया। सांप इतना जहरीला था कि मात्र कुछ ही मिनट में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया जहां पुलिस ने परिजनों के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंवारी गांव निवासी राजेश अपनी पत्नी 44 वर्षीय मुकेश देवी के साथ खेत में काम करने के लिए गया और इसी दौरान लकड़ियों के ढेर में मौजूद एक सांप ने मुकेश के हाथ पर डस लिया। परिजनों को मौके पर सांप की केंचुली भी बरामद हुई है। केंचुली से अंदाजा लगाया जा रहा है कि कोबरा सांप रहा होगा। नागरिक अस्पताल में मौजूद विनोद कुमार ने बताया कि राजेश गांव में खेती-बाड़ी करता है। जबकि उसकी पत्नी मुकेश गृहिणी थी और खेती-बाड़ी के काम में भी अपने पति का हाथ बंटाती थी। मृतका के दो बेटे हैं।

# शहीद मदनलाल ढींगड़ा प्रतिमा स्थल पर नववर्ष पर किया हवन

- हवन करके विश्व की शांति एवं देश में सुख समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नव वर्ष के आगाज पर पंजाबी कल्याण मंच व अखिल भारतीय सेवा संघ द्वारा संयुक्त रूप से देश की सुख समृद्धि और विश्व शांति की कामना के लिए हवन यज्ञ का आयोजन शहीद मदनलाल ढींगड़ा प्रतिमा स्थल पर किया गया। सर्वप्रथम अमर शहीद मदनलाल ढींगरा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यापण किया गया, उसके पश्चात पतंजलि योग समिति के यज्ञ प्रभारी विनय मल्होत्रा द्वारा विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण करके विश्व की शांति एवं देश में सुख समृद्धि बनी रहे, को लेकर हवन किया गया। पूर्ण आहुति के पश्चात सभी यजमानों व मुख्य अतिथियों पर सभी सदस्यों व संस्थाओं द्वारा पुष्प वर्षा की गई।

इस आयोजन में मेयर प्रवीण पोपली मुख्य अतिथि व प्रसिद्ध समाजसेवी एवं पूर्व सरपंच गुलजार सिंह काहलो ने मुख्य यजमान के रुप में शिरकत की व हवन में आहुति डालकर विश्व शान्ति की कामना की गई। पंजाबी कल्याण मंच के प्रेस प्रवक्ता जीसी नारंग ने बताया कि हवन यज्ञ उपरांत गुलजार सिंह काहलो ने अपने संबोधन में गुरु गोविंद सिंह द्वारा दिए गए बलिदान पर भी प्रकाश डाला।



हिसार। हवन में आहुति डालते मुख्यातिथि, यजमान व अन्य सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मंच संरक्षक डीएन भ्याना, प्रधान इंद्र शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान सुभाष कुकड़ेजा, महासचिव वीएल शर्मा, वित सचिव हरीश धमीजा, सचिव मदन पपनेजा, जगदीश नागपाल, अमीरचंद ढींगड़ा, राजकुमार सलूजा, ओपी मलिक, पतंजलि हरियाणा के प्रभारी ईश आर्य, जिला प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार, ब्रह्म नागपाल, अशोक ग्रोवर, डॉ. तिलक आहूजा, अखिल भारतीय सेवा संघ की तरफ से संरक्षक डॉ. योगेश बिदानी, राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन, विनोद गोयल, विनोद सोनी, प्रांतीय अध्यक्ष राजेंद्र सपरा, राजेंद्र अग्रवाल, संजीव राजपाल, संदीप भाटिया आदि उपस्थित रहे।

## अधिकारियों को सफाई व्यवस्था ओर बेहतर करने के दिए आदेश

# सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर मेयर बिफरे बोले, परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखें अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नगर निगम में व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़, सुव्यवस्थित तथा नागरिकों के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से मेयर प्रवीण पोपली ने शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण किया। कुछ स्थानों पर सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिलने पर मेयर ने नाराजगी जताई और अधिकारियों को सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

### मेयर ने सोमवार तक दिया समय

मेयर प्रवीण पोपली ने शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान मेयर के साथ पार्षद संजय डालमिया, नगर निगम सचिव संजय शर्मा, जेई राकेश, एएसआई सरोज सहित कर्मचारी मौजूद रहे। यह निरीक्षण नई बिल्डिंग से शुरू किया गया। जहां मेयर ने कैश काउंटर, बिल काउंटर, रिहायशी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र सत्यापन काउंटर, आधार काउंटर आदि की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मेयर प्रवीण पोपली ने पाया कि नई बिल्डिंग सहित कुछ स्थानों पर सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं थी।

इस पर मेयर ने तुरंत संज्ञान लेते हुए मौके पर उपस्थित संबंधित जेई, एएसआई और दरोगा को निर्देश दिए कि नगर निगम कार्यालय की सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यालय परिसर स्वच्छ, व्यवस्थित और अनुशासित होना चाहिए ताकि यहां आने वाले नागरिकों को सकारात्मक अनुभव मिले। मेयर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सोमवार तक सफाई व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त की जाए।



हिसार। कार्यालय का निरीक्षण करते मेयर प्रवीण पोपली। *फोटो: हरिभूमि*

### डेथ-बर्थ फाइल की जांच के लिए अलग से कर्मचारी लगाएं

निरीक्षण के दौरान नगर निगम में स्थित ई-दिशा केंद्र का भी मेयर प्रवीण पोपली ने अवलोकन किया। उन्होंने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित कार्यों में आ रही समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस समस्या के समाधान के लिए मेयर प्रवीण पोपली ने नगर निगम सचिव संजय शर्मा को निर्देश दिए कि ई-दिशा केंद्र में नगर निगम के एक कर्मचारी की विशेष रूप से तैनाती की जाए। यह कर्मचारी फाइलों में लगाए जाने वाले दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच करेगा, ताकि आवेदन सही और पूर्ण रूप से स्वीकार किए जा सकें। इससे फाइलों का समय पर निपटान होगा और आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि नगर निगम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है और इसके लिए प्रशासनिक प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें।

# खरबला में परिवार को तलवार कस्सी और लाठियों से पीटा

- मारपीट में परिवार के कई सदस्य घायल पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

आपसी रंजिश के चलते खरबला गांव में पड़ोसियों द्वारा एक परिवार पर हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हमले में परिवार के कई सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें हांसी और हिसार के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर नौ नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में खरबला निवासी कश्मीर ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है और 26 दिसंबर की शाम करीब 6 बजे अपने घर पर मौजूद था। उस समय उसके बेटे रवि, साहिल, शील, पुत्रवधू बेबी और बेटी पूजा भी घर पर थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले महिपाल, धर्मबीर, मैनपाल, आशीष, धर्मराज, राहुल, प्रवीन, पवन और दिनेश आदि अचानक उनके घर में घुस आए। कश्मीर के अनुसार, मैनपाल के हाथ में तलवार, महिपाल के हाथ में कस्सी और अन्य आरोपियों के हाथों में लाठी-डंडे थे। सभी आरोपियों ने आते ही घर में बैठे परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। इस हमले में कश्मीर और साहिल को गंभीर चोटें आईं, और उनका हांसी नागरिक अस्पताल में उपचार चल रहा है। जबकि उसकी पुत्रवधू बेबी और शील की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें हिसार के नागरिक अस्पताल में रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार हो रहा है।

### हो रही जांच

जांच अधिकारी एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# बॉर्डर 2 का 'घर कब आओगे' गीत रिलीज, गायकों ने जीता दिल

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ और 'बॉर्डर 2' का मच अवेटेड गाना 'घर कब आओगे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। 'घर कब आओगे' फिल्म बॉर्डर के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं'का री-क्रिएटेड वर्जन है। जिसे उसी धुन के साथ नए अंदाज और लिरिक्स में पेश किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं'के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था। लेकिन, इस बारे गाने में दो नहीं, बल्कि चार गायकों की आवाज है। इस बारे गाने को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इन चारों की आवाज में इस गाने को सुनकर फैंस उत्साहित हैं। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी फिल्म में अहम किरदारों में दिखाई देंगे।

लाइफ Style



# कृति नहीं लेती बॉक्स ऑफिस नंबर्स का दबाव

कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। 'तेरे इश्क में'की सफलता के बाद अब 'कॉकटेल 2' पर भी अच्छे प्रदर्शन का दबाव है। कृति सेनन बॉलीवुड में अपने करियर के 11 साल पूरे कर चुकी हैं। इन 11 साल में कृति कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही उन्होंने कई हिट फिल्में भी दी हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। वहीं फिल्म में उनके अभिनय की भी काफी तारीफ हुई।

एजेंसी ⏭ मुंबई

कृति नए साल में अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ प्रवेश कर रही हैं। यह उनकी 20वीं फिल्म भी है। इस मौके पर कृति ने 'कॉकटेल 2' को लेकर बात की और साथ ही बताया कि क्या फिल्मों की सफलता उनके ऊपर दबाव डालती है या नहीं। कृति ने बॉक्स ऑफिस नंबर के प्रेशर के बारे में बात की। एक फिल्म की सफलता क्या दूसरी फिल्म के बॉक्स ऑफिस नंबर के आंकड़ों को लेकर दबाव बनाती है? अभिनेत्री ने कहा कि वो अपने ऊपर किसी भी तरह का दबाव नहीं लेती है। हर फिल्म अलग होती है, आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हर फिल्म एक ही तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगी। कॉकटेल 2 के दर्शक, तेरे इश्क में से बिल्कुल अलग हैं। आप बस कड़ी मेहनत और पूरी ईमानदारी से काम कर सकते हैं। आपको हर फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है। इसके अलावा बाकी सब हमारे हाथ में नहीं है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की सफलता को प्रभावित करने वाले कई और कारण भी होते हैं। इसलिए मैं वह दबाव नहीं लेना चाहती। मैं अपने फिल्म निर्माताओं पर भी वह दबाव नहीं डालती। बल्कि, मैं बस इस प्रक्रिया का आनंद लेती हूं। मैं उत्साहित हूं। इससे पहले एक इंटरव्यू में बात करते हुए कृति ने कॉकटेल 2 के बारे में बताया था कि 'कॉकटेल 2 बिल्कुल सही समय पर बनी। मुझे इसकी बहुत चाह थी।

## हॉलीवुड मसाला



# पिता बनने का साझा किया अनुभव

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'लोकी' के नाम से दुनियाभर में पहचान बना चुके टॉम हिडलस्टन एक बार फिर पिता बन गए हैं। नए साल की शुरुआत उनके लिए बेहद खास रही। टॉम हिडलस्टन और उनकी पार्टनर और अभिनेत्री जावे एश्टन ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। टॉम हिडलस्टन ने पिता बनने के एहसास को शब्दों में बयां करते हुए कहा कि यह अनुभव ऐसा है, जिसे महसूस किए बिना समझा नहीं जा सकता। उनके मुताबिक, यह पल न सिर्फ भावनात्मक है, बल्कि इंसान की पूरी सोच और जिंदगी को नई दिशा दे देता है। हालांकि, कपल ने अपने बच्चे के नाम और जेंडर को लेकर फिलहाल कोई जानकारी साझा नहीं की है। दोनों हमेशा से अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखने के लिए जाने जाते रहे हैं।




# ओशन्स 11 गैंग की 19 साल बाद वापसी

**लॉस एंजिल्स।** 'ओशन्स' फिल्म फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए खुशखबरी है। जॉर्ज क्लूनी ने खुलासा किया है कि वह सीरीज की चौथी फिल्म की तैयारी में हैं। एक बार फिर से ब्रैड पिट, मैट डेमन और जूलिया रॉबर्ट्स संग बाकी टीम लौटेगी। उन्होंने फिल्म के प्लॉट को लेकर भी हिंट दिया है। जॉर्ज क्लूनी, ब्रैड पिट, मैट डेमन, जूलिया रॉबर्ट्स जैसे दिग्गज सितारों से सजी 'ओशन सीरीज' की तीनों फिल्में आज करीब दो दशक बाद भी दर्शकों की फेवरेट हैं। साल 2001 में आई 'ओशन्स 11', 2004 में रिलीज ओशन्स 12 और 2007 में आई ओशन्स 13', वो फिल्में साबित हुईं, जिन्होंने बड़े पर्दे हाइस्ट जॉनर को पॉपुलर बनाया। इन फिल्मों का असर सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में हुआ। आज भी दुनिया के किसी कोने में 'हाइस्ट' यानी लूट पर कोई फिल्म या सीरीज बनती है, तो उसमें 'ओशन सीरीज' का असर दिखता है। खुशखबरी यह है कि अब सुपरस्टार्स की फौज और शानदार चोरियों का दौर फिर से लौट रहा है। जी हां, फिल्म में लुटेरों की टीम के लीडर डैनी ओशन का किरदार निभाने वाले जॉर्ज क्लूनी ने इस ओर इशारा किया है।



# अक्षय के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करेंगी रानी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' की नई फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय पहली बार रानी मुखर्जी के साथ काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड की चर्चित फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड'एक बार फिर बड़े स्तर पर वापसी करने की तैयारी में है। फ्रेंचाइजी की नई फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही उत्सुकता बनी हुई थी और अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार के साथ रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। अगर यह खबर पुख्ता होती है, तो यह दोनों कलाकारों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी, जिसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि 'ओह माई गॉड' इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और फिल्म की शूटिंग 2026 के मई से शुरू होने की योजना है।



# 40 की उम्र में फिर प्यार में पड़ीं कीर्ति

**मुंबई।** नए साल के मौके पर 1 जनवरी की देर रात कीर्ति कुल्हारी ने अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए अपने रिलेशनशिप को ओपेन किया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की है, जिसमें कई अलग-अलग फोटोज हैं। इन फोटोज में कीर्ति कुल्हारी अभिनेता राजीव सिद्धार्थ के साथ नजर आ रही हैं। इस रील में राजीव और कीर्ति की कई रोमांटिक तस्वीरें भी हैं। इस रील के साथ ही कीर्ति ने राजीव सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक कर दिया है। कीर्ति ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। सभी को 2026 मुबारक हो।'आजकल किसी भी रिलेशनशिप के सामने आते ही पार्टनर्स के बीच उम्र का फासला जानने के लिए भी फैंस उत्साहित रहते हैं। इसी तरह राजीव सिद्धार्थ और कीर्ति कुल्हारी के बीच के उम्र के फासले को लेकर भी फैंस उत्साहित हैं।

## टीवी मसाला



# शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 में दिखेंगे नए आइडियाज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे पर मचअवेटेड स्टार्टअप्स शो 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 5 एक बार फिर सोनी टीवी पर वापसी कर रहा है। शो से जुड़े कई प्रोमो सामने आए हैं, जिसमें नए उद्यमियों को अपना आइडिया जजों के सामने पेश करते हुए दिखाया गया है। शो का पहला सीजन साल 2021 में आया था, जिसमें 700 से ज्यादा नई डील्स को लॉक किया गया था, लेकिन अब पांचवें सीजन के साथ 6 नए जज और नए आइडिया शो में दिखने वाले हैं। ये शार्क्स न सिर्फ स्टार्टअप्स में निवेश करेंगे, बल्कि उद्यमियों को मेंटरशिप और स्ट्रैटेजिक गाइडेंस भी देंगे। सीजन 5 का प्रीमियर 5 जनवरी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा और इसे सोनी लिव ऐप पर स्ट्रीम किया जा सकेगा। शो का फॉर्मेट वही रहेगा। जहां कई राउंड्स की स्क्रीनिंग के बाद चुनिंदा स्टार्टअप्स को शार्क्स के सामने पिच करने का मौका मिलेगा। सीजन पांच में पुराने जज विराज बहल, कुणाल बहल, अमित जैन, रितेश अग्रवाल, पीयूष बंसल, नमिता थापर, अमन गुप्ता, विनिता सिंह और अनुपम मित्तल भी दिखेंगे. इनके साथ शैली मेहरोत्रा (सीईओ, फिक्सडर्मा इंडिया), हार्दिक कोठिया (रेजॉन सोलर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक), मोहित यादव (मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक) वरुण अलघ (होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के सीईओ और सह-संस्थापक), कनिका टेकरीवाल (जेटसेटगो एविएशन की संस्थापक) और प्रथम मित्तल (मास्टर्स यूनियन और टेट्रा के संस्थापक) 'शार्क टैंक इंडिया' के नए शार्क्स होंगे।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा अव्वल

**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत में यानी शुक्रवार को 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी की गई। पिछले साल जुलाई महीने में स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने टीवी पर पच्चीस साल बाद



वापसी की। यह सीरियल पहले हफ्ते से ही टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में जगह बनाने में कामयाब रहा, साथ ही इसने बचे हुए साल में भी टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाए रखी। 51वें हफ्ते में यह सीरियल अव्वल रहा, इसे 2.2 की टीआरपी मिली है। इसकी वजह है कि सीरियल में इन दिनों बहुत ट्विस्ट आ रहे हैं। लीड कैरेक्टर तुलसी और मिहिर एक-दूसरे से दूर हो चुके हैं। 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा'को दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी 2.1 रही है। जबकि पिछले साल यह सीरियल हर हफ्ते टॉप पर बना रहा, कभी-कभी ही ऐसा हुआ कि यह खिसककर नीचे आया हो। साल के आखिरी हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में कई और सीरियल्स ने जगह बनाई है। इसमें उड़ने की आशा और तुम से तुम तक को 1.9 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल एक-दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।


# द्रौपदी 2 दिखाएगी दक्षिण भारत के 14वीं सदी का इतिहास

**मुंबई।** 'द्रौपदी 2' को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। यह फिल्म दक्षिण भारत के 14वीं सदी के इतिहास को दिखाएगी। ऑरिजनली तमिल में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 23 जनवरी को रिलीज होनी है। इसी दिन सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ स्टारर 'बॉर्डर 2' भी रिलीज होगी। तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में



ऐतिहासिक विषयों पर बनने वाली फिल्मों में हमेशा से दर्शकों की खास दिलचस्पी मिलती रही है। जब ऐसी फिल्मों में इतिहास, वीरता, संस्कृति और सामाजिक संघर्ष की झलक मिलती है, तो दर्शक उनसे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। 'द्रौपदी 2' 14वीं सदी के उस दौर को दिखाएगी, जिसे इतिहास का एक अंधकारमय और उथल-पुथल भरा समय माना जाता है।' यह फिल्म दक्षिण भारत के इतिहास को बड़े पर्दे पर जीवंत रूप में पेश करेगी और इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले खबर थी कि फिल्म निर्माता इसे 23 जनवरी 2026 को रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है कि फिल्म जल्द ही दर्शकों के सामने होगी। 'द्रौपदी 2' का निर्माण चोला चक्रवर्ती ने नेटाजी प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। फिल्म को लेकर दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# बैंड बाजा बारात फिर से हो रही रिलीज



**मुंबई।** इन दिनों री-रिलीज फिल्मों का ट्रेंड जोर पकड़ रहा है और अब इस कड़ी में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म 'बैंड बाजा बारात'का नाम भी जुड़ गया है। ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लौट रही है। इस फिल्म ने न सिर्फ रणवीर सिंह को बॉलीवुड में पहचान दिलाई थी, बल्कि अनुष्का के साथ उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। साल 2010 में रिलीज हुई यह फिल्म अब करीब 16 साल बाद फिर से थिएटर्स में दिखाई जाएगी। मेकर्स ने इसकी री-रिलीज डेट 16 जनवरी 2026 तय की है। इस खबर के सामने आते ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर उन दर्शकों के लिए यह एक खास मौका है, जिन्होंने पहली बार इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखा था या जो नई पीढ़ी के दर्शक हैं।'बैंड बाजा बारात' की कहानी दो युवा और महत्वाकांक्षी लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली की चकाचौंध भरी शादी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने निकलते हैं। फिल्म में दोस्ती, प्यार, महत्वाकांक्षा और टकराव को बेहद हल्के-फुल्के लेकिन असरदार तरीके से दिखाया गया है। यही वजह है कि फिल्म आज भी दर्शकों को उतनी ही ताजा लगती है, जितनी अपनी पहली रिलीज के समय लगी थी। रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की जोड़ी को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री, डायलॉग्स और किरदारों की सादगी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

# महाकाली में शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय



**मुंबई।** धुरंधर में रहमान डकैत की भूमिका से चर्चाएं बटोरने वाले अक्षय खन्ना इन दिनों आरोपों को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, इस बीच अक्षय खन्ना की अगली फिल्म महाकाली से उनकी बीटीएस तस्वीर सामने आई है। इनमें अक्षय खन्ना भी नजर आ रहे हैं। पूजा कोल्लुरु ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उनमें 'महाकाली'के सेट से अक्षय खन्ना के साथ एक सेल्फी भी शामिल है। इसके अलावा पूजा ने 2025 के अपने सफर की कई और तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें सेट की भी कुछ और तस्वीरें हैं। महाकाली से अक्षय खन्ना तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू कर रहे हैं। महाकाली प्रशांत वर्मा सिनेमाटिक यूनिवर्स की अगली कड़ी है। फिल्म में अक्षय खन्ना गुरु शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आया था, जिसमें उन्हें पहचानना बिल्कुल मुश्किल हो रहा था। इस लुक के सामने आने के बाद से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। महाकाली में भूमि शेट्टी महाकाली के मुख्य किरदार में नजर आएंगी। अक्षय खन्ना के शामिल होने से फिल्म की और भी चर्चा हो रही है। आदित्य धर द्वारा निर्देशित धुरंधर में अक्षय खन्ना ने बलोच नेता और अंडरवर्ल्ड डॉन रहमान डकैत की भूमिका निभाई है। इस किरदार में अभिनय के लिए अक्षय खन्ना की जमकर प्रशंसा हो रही है। सबसे ज्यादा वायरल उनका डांस स्टेप हुआ है, जिसे लोग काफी कॉपी कर रहे हैं।

## कोर्टरूम ड्रामा से लेकर एक्शन और रोमांस तक

# इस वीकेंड घर बैठकर देखिए अलग-अलग प्रकार की फिल्में और सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नए साल का आगाज हो चुका है। नए साल के पहले दिन सिनेमाघरों में अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' रिलीज हुई है। इसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, दूसरी ओर नए साल के पहले हफ्ते में ओटीटी पर भी कई फिल्में व सीरीज आ रहे हैं और कुछ आ चुके हैं। जिन्हें आप घर बैठे ही देख सकते हैं और नए साल का आनंद ले सकते हैं।

### हक

इमरान हाशमी और यामी गौतम की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'हक' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। फिल्म आज यानी 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। शाह बानो केस पर आधारित 'हक' को क्रिटिक्स ने सराहा था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

### ब्यूटी

तेलुगु रोमांटिक थ्रिलर 'ब्यूटी' एक लड़की के प्रेम में पड़ने के बाद अपने घर से भाग जाने और माता-पिता के उसे ढूंढने की कहानी है। इमोशनल पारिवारिक ड्रामा और शॉकिंग ट्विस्ट से भरी यह फिल्म 2 जनवरी से ओटीटी के प्लेटफॉर्म जी5 पर मौजूद है।



### रन अवे

ब्रिटिश थ्रिलर वेब सीरीज 'रन अवे' भी 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसमें जेम्स नेसबिट, एली डी लैंग, रुथ जोनस और अल्फ्रेड एनोच समेत कई कलाकार दिखाई देंगे।

### कुमकी 2

तमिल फिल्म 'कुमकी 2' शनिवार 3 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर मौजूद रहेगी। इस फिल्म की कहानी भूमि और उसके हाथी नीला के बीच गहरे बॉन्ड पर आधारित है। बचपन में भूमि की मां द्वारा चुपके से हाथी को बेच दिए जाने के बाद, बड़े होकर भूमि अपने साथी को खोजने के लिए एक मिशन पर निकल पड़ता है।



### स्ट्रेंजर थिंग्स 5 फाइनल एपिसोड

नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के पांचवे सीजन का आखिरी एपिसोड भी आ चुका है। 1 जनवरी से यह फाइनल एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रहा है।

### एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट

क्रिकेट पर आधारित स्पोर्ट ड्रामा सीरीज 'एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट' रंगन की कहानी है, जो एक होनहार खिलाड़ी रह चुका है। लेकिन, कॅरियर में ज्यादा सफलता न मिलने पर अब कोच बन गया है। सीरीज आत्मसम्मान के लिए रंगन के संघर्ष और खिलाड़ियों के इमोशनल संघर्षों को दिखाती है। यह सीरीज 1 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम कर रही है।

### लव फ्रॉम 9 टू 5

ऑफिस रोमांटिक-कॉमेडी सीरीज 'लव फ्रॉम 9 टू 5' 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इस सीरीज में ऑफिस पॉलिटिक्स से लेकर सहकर्मियों के बीच के रिलेशन तक को दिखाया गया है।

### माई कोरियन बॉयफ्रेंड

'माई कोरियन बॉयफ्रेंड' एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जो 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रही है। सियोल में 22 दिनों में फिल्माई गई यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज, प्यार के अलग-अलग पड़ावों पर हर जोड़े की कहानी बयां करती है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेता बहबलपुरिया की बहन का निधन

**हिसार।** ज़िला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया की बहन कमला का गुरुवार को निधन हो गया। वे काफ़ी समय से अस्वस्थ चल रही थीं। दिवंगत कमला का अंतिम संस्कार अम्बाला में किया। उनके निधन से बहबलपुरिया परिवार सहित क्षेत्र में शोक की लहर है। दिवंगत आत्मा की स्मृति में शोक बैठक निवास स्थान बहबलपुर में आयोजित की गई है।

### गुजवि ने घोषित किया परीक्षा परिणाम

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि अगस्त 2025 में आयोजित एमबीए ऑनलाइन प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2025 तथा जून 2025 में आयोजित बीएड-एमएड तृतीय वर्ष (मेन) बैच 2022 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जुलाई/अगस्त 2025 में आयोजित दूरस्थ शिक्षा की डीसीए ऑनलाइन मोड द्वितीय सेमेस्टर (मेन) सीरीज 2497709, एमसीए ऑनलाइन मोड प्रथम सेमेस्टर (मेन) सीरीज 2583209 का परीक्षा परिणाम घोषित किया।

### राजकीय विद्यालय में एनएसएस शिविर शुरू

**हिसार।** पाबड़ा के पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू किया गया। शिविर का शुभारंभ उकलाना के बीईओ दलबीर सिंह ने विधिवत रूप से किया। इस अवसर पर उन्होंने एनएसएस के इतिहास की जानकारी देते हुए इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किस प्रकार स्वयं से पहले आप का भाव एक बेहतर नागरिक बनाने में सहायक होता है। विद्यालय के प्रिंसिपल सुरेश कुमार ने स्वयंसेवकों को समाज में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया।

### आत्माराम प्रधान व रमेश बने यूनियन के सचिव

**आदमपुर।** हरियाणा कर्मचारी संयुक्त कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स ब्रांच आदमपुर का त्रिवार्षिक चुनाव मॉडल टाउन जलघर पर सम्पन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान बलवान कालीरावणा द्वारा की गई। चुनाव में मौजूद राज्य संगठन सचिव हरिकिश शर्मा, राज्य मुख्य सलाहकार सज्जन कुमार भारद्वाज, जिला सदस्य मंजीत सिहाग मौजूद रहे। सर्वसम्मति से चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें आत्माराम यादव को ब्रांच प्रधान, रमेश कुमार को सचिव तथा सुंदर सिंह को कोषाध्यक्ष को चुना गया।

### प्रेरणादायक शारीरिक गतिविधियां करवाई

**बरवाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरसौद बिचपड़ी में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों के लिए विभिन्न प्रेरणादायक और शारीरिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस शिविर के चौथे दिन मुख्य वक्ता संतोष पुनिया ने स्वयंसेवकों को साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से समझाया। सुमन शर्मा ने स्वयंसेवकों को अपने संबोधन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए व्यक्तिगत स्वच्छता पर भी विशेष बल दिया।

### आंगनवाड़ी को उन्नत बनाने के लिए कार्यक्रम

**नारनौंद।** गांव पुट्ठी समैन में उमंग सामाजिक कल्याण समिति और क्षेत्रीय व्यवसायिक कार्यालय ओर भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से आंगनवाड़ी को उन्नत बनाने और नवीकरण कार्य का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा स्तर और आंगनवाड़ी सुविधाओं को बेहतर बनाना था। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर रवि कुमार पंघाल ने विशेष रूप से उपस्थित होकर सामान भेंट किया। आंगनवाड़ी भवन सुधार के अलावा विभिन्न प्रकार का फर्नीचर और नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए खिलौने भेंट किए।

### शोध प्रोजेक्ट्स से मिलेगी गुणवत्ता आधारित शोध की प्रेरणा : प्रो. बिश्नोई

# कुलपति ने गुजवि के नौ शिक्षकों को शोध प्रोजेक्ट के तहत दिए लैपटॉप

**गुणवत्ता आधारित शोध विश्वविद्यालय के रूप में है गुजविप्रौवि की पहचान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने अपने शिक्षकों में शोध कौशल को बढ़ाने के लिए खास योजना के तहत नवनियुक्त शिक्षकों को शोध के लिए प्रोत्साहित किया है। विश्वविद्यालय ने 29 नवनियुक्त शिक्षकों को माइनर शोध प्रोजेक्ट दिए हैं। इन शिक्षकों को शोध कार्य के लिए लैपटॉप भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। नववर्ष के उपलक्ष्य पर नौ शिक्षकों को लैपटॉप वितरित भी किए गए है। माइनर शोध प्रोजेक्ट्स की फंडिंग विश्वविद्यालय की ओर से ही है।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि गुजविप्रौवि की पहचान एक गुणवत्ता आधारित शोध विश्वविद्यालय के रूप में है। गुणवत्ता आधारित शिक्षण व शोध के कारण ही गुजवि विश्वस्तर पर लगातार उच्च रैंकिंग हासिल कर रहा है। शिक्षकों को नियुक्ति के समय से ही गुणवत्ता आधारित शोध के लिए प्रेरित करने के लिए नवनियुक्त शिक्षकों को विश्वविद्यालय द्वारा शोध प्रोजेक्ट दिए गए हैं। इन प्रोजैक्टक्स के माध्यम से नवनियुक्त शिक्षक न केवल शोध को अंजाम देंगे, बल्कि शोध की नई तकनीकों और संभावनाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त करेंगे। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने भी शिक्षकों को कहा है कि इससे विश्वविद्यालय की शोध गुणवत्ता और अधिक बेहतर होगी। विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के प्रधान विनोद गोयल ने नवनियुक्त शिक्षकों को शोध प्रोजेक्ट देने की योजना के लिए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई की प्रशंसा की है।



हिसार। माइनर शोध प्रोजेक्ट्स प्राप्त करने वाले शिक्षकों को लैपटॉप प्रदान करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। *फोटो : हरिभूमि*



हिसार। वैज्ञानिकों को सम्मानित करते लुवास कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा।

### 3 बीटेक विद्यार्थियों को फेयर लैब्स में मिला प्लेसमेंट



हिसार। कैंपस प्लेसमेंट में चयनित विद्यार्थी।

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तीन बीटेक ईबीएमई विद्यार्थियों को कंपनी परिसर में आयोजित ऑफ-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से फेयर लैब्स प्राइवेट लिमिटेड में सफलतापूर्वक प्लेसमेंट मिला है। चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने उनकी सफलता की सराहना की और कहा कि ऐसी उपलब्धियां विश्वविद्यालय के उद्योग-केंद्रित शैक्षणिक ढांचे और आधुनिक बुनियादी सुविधाओं की प्रभावशीलता को उजागर करती हैं। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि कंपनी परिसर में प्लेसमेंट ड्राइव में 15 बीटेक ईबीएमई विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट प्रेजेंटेशन, ऑनलाइन मूल्यांकन और वर्चुअल व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल रहे।

### पशु परजीवी विज्ञान सम्मेलन में बढ़ा लुवास का गौरव

**हिसार।** महाराष्ट्र के उदगीर स्थित पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में हाल ही में 34वां राष्ट्रीय पशु परजीवी विज्ञान सम्मेलन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कार्यक्रम में देशभर से आए वैज्ञानिकों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। सम्मेलन में लुवास से डॉ. सुखदीप वोहरा, डॉ. बिस्वा रंजन महाराणा तथा डॉ. स्नेहिल गुप्ता की शैक्षणिक सहभागिता, अनुसंधान उत्कृष्टता एवं नेतृत्व विशेष रूप से सराहनीय रही। सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण डॉ. स्नेहिल गुप्ता की अंतरराष्ट्रीय पुस्तक 'कृमि जनित उपेक्षित परजीवी रोग' का विमोचन रहा, जिसे वैज्ञानिक सत्रों के दौरान औपचारिक रूप से जारी किया गया। वैज्ञानिक प्रतिस्पर्धात्मक सत्रों में डॉ. स्नेहिल गुप्ता को कुत्तों में स्पाइरोमेट्रा संक्रमण, जो एक दुर्लभ किंतु महत्वपूर्ण जूनोटिक परजीवी है, पर आधारित पोस्टर प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। डॉ. सुखदीप वोहरा को ट्रायपैनोसोमा एवैंसी (सुरा रोग का कारक) के विरुद्ध प्रभावी पाए गए एक नवीन हर्बल औषधीय अणु पर आधारित शोध के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शैक्षणिक नेतृत्व की भूमिका में डॉ. सुखदीप वोहरा ने एक वैज्ञानिक सत्र में अध्यक्ष के रूप में दायित्व निभाया, जबकि डॉ. स्नेहिल गुप्ता ने दो वैज्ञानिक सत्रों में प्रतिवेदक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इसके अतिरिक्त, डॉ. स्नेहिल गुप्ता ने भारतीय पशु परजीवी विज्ञान उन्नयन संघ के चुनाव में भाग लिया तथा द्वितीय सर्वाधिक मत प्राप्त कर कार्यकारिणी समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए, जो परजीवी विज्ञान समुदाय में उनके प्रति विश्वास एवं मान्यता को दर्शाता है। डॉ. बिस्वा रंजन महाराणा, वैज्ञानिक, हरियाणा पशु चिकित्सा एवं कृषि विज्ञान केंद्र, लुवास, उचानी (करनाल) ने सम्मेलन में सक्रिय सहभागिता की। पशु प्रोटोजोआ विज्ञान में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें डॉ. डीपी बनर्जी स्मृति व्याख्यान पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा थाइलेरिया ओरिएंटालिस की वर्गीकीय पुनर्वर्गीकरण एवं आनुवंशिक विविधता पर उत्कृष्ट शोध के लिए प्रशंसा प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया। वैज्ञानिकों की विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा से औपचारिक भेंट हुई।

### मोनू मर्डर केस में एसपी से मिला बसपा का शिष्टमंडल

**हिसार।** मिर्जापुर गांव के मोनू मर्डर केस में तीन सप्ताह से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं होने पर बहुजन समाज पार्टी का शिष्टमंडल बसपा प्रदेश प्रभारी जगदीश चन्द्र की अध्यक्षता में जिला पुलिस अधीक्षक से मिला। शिष्टमंडल ने इस संबंध में कार्रवाई की मांग उठाई। पुलिस अधीक्षक ने केस की फाइल मंगवाकर उक्त मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बसपा के प्रदेश प्रभारी जगदीश चन्द्र ने बताया कि अनुसूचित जाति का युवक मोनू गत 4 दिसंबर को अचानक गायब हुआ था जिसके बाद 9 दिसंबर को मिर्जापुर के तालाब में उसका शव मिला।

### श्री अग्रवाल सेवा समिति का वार्षिक उत्सव कल

**हिसार।** वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। जिसमें अग्रवाल सेवा समिति द्वारा 30 वां विशाल वार्षिक उत्सव की तैयारी पर विचार किया गया। कहा कि श्री अग्रवाल सेवा समिति का विशाल वार्षिक उत्सव 4 जनवरी को महाराजा अग्रसेन भवन में होगा। जिसमें भारी संख्या में वैश्य समाज के प्रतिनिधि परिवार सहित भाग लेंगे। उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति, हरियाणवी व पंजाबी गीत का भव्य कार्यक्रम होगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि वार्षिक उत्सव में भी 4 जनवरी को जरूरतमंद परिवारों को कंबल, दाल-चावल, तेल, रबड़ी, गजक, चीनी, बैग आदि सामान वितरण किया जाएगा।

### मजदूरों को फंसाने की साजिश : यूनियन

**हिसार।** भवन निर्माण कामगार यूनियन तहसील कमेटी प्रधान लीलूराम जांगड़ा व तहसील सचिव राकेश गंगवा ने आरोप लगाया कि हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड में तथाकथित घोटाले की आड़ में असल हमला प्रदेश के भवन निर्माण मजदूरों पर किया जा रहा है। सरकार और प्रशासन जानबूझकर मजदूरों को फर्जी बताकर बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि निर्माण मजदूरों ने 14 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास प्रदर्शन किया था। मुख्यमंत्री ओएसडी से बैठक हुई थी तथा 15 दिन में समाधान करने का आश्वासन दिया था लेकिन इसके विपरीत मजदूरों को फर्जी साबित करने का काम किया जा रहा है।

## स्वयंसेवकों को चिकित्सकों ने दी बीमारियों की जानकारी

- राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे एनएसएस शिविर का पांचवां दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सुशीला भवन रोड स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे एनएसएस शिविर के पांचवें दिन प्रतिभावान स्वयंसेवकों ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। मुख्यवक्ता फील्ड कोर्डिनेटर वाईआरसी सुरेन्द्र श्योराण तथा नागरिक अस्पताल से डॉ. सुदामा गोयल थे। एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी सन्तोष औला ने बताया कि स्वयंसेवकों द्वारा सुबह शिविर की गतिविधियों में योगाभ्यास, प्रार्थना, लक्ष्य गायन और वन्दे मातरम के बाद अतिथियों ने सम्बोधित किया। अतिथि सुरेन्द्र श्योराण ने स्वयंसेवकों को आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार के बारे में बताया। इस मौके पर प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार, संगीत सांगवान, प्रवीण कुमार, अनिल चन्द्र पाण्डे, महेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।




हिसार। शिविर में अतिथियों के साथ स्वयंसेवक। *फोटो : हरिभूमि*

## न्यूज डायरी

### ऑनलाइन आवेदन किए आमंत्रित

**हिसार।** वरिष्ठ नागरिकों को समाज में उचित सम्मान दिलाने और उनके अनुभवों से सामाजिक विकास को सशक्त बनाने की दिशा में हरियाणा सरकार लगातार प्रभावी प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति और संस्थाएं 12 जनवरी तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि यह योजना समाज सेवा, कला, खेल, शौर्य और बहादुरी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लागू की गई है। इस पहल के माध्यम से बुजुर्गों को न केवल सम्मान मिलेगा, बल्कि समाज में उनकी भूमिका को भी नई पहचान मिलेगी।

### कुरुक्षेत्र की समरीन कौर ने हासिल किया प्रथम स्थान

**हिसार।** जाट सेवक संघ द्वारा जाट समाज के 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा में प्रदेशभर से हजारों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संघ के प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं को नगद पुरस्कार एवं सम्मान पत्र प्रदान किए जाएंगे। जाट सेवक संघ के अध्यक्ष राजेश वडाला व वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलजीत पूनिया ने एक बैठक के दौरान विजेताओं के नाम की घोषणा करते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र की समरीन कौर ने प्रथम रैंक हासिल किया है व हिसार के विभव सिहाग ने द्वितीय रैंक हासिल किया। इसके अलावा हिसार के भव्य गिल ने तृतीय, फरीदाबाद के आरव सिंह ने चतुर्थ, अरायना ने पंचम तथा कैथल की नीतू ने छठा स्थान हासिल किया है।

## अभिकर्ता आशीष बजाज को सम्मानित किया

- भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा-2 में समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा-2 में एक समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता ब्रांच मैनेजर जोगिंदर भोला ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता शामिल हुए।

इस मौके पर ब्रांच मैनेजर भोला ने बताया कि रोहतक डिविजन में सबसे पहले टॉप अभिकर्ता आशीष बजाज द्वारा वर्षान्त तक सर्वप्रथम 3 करोड़ का प्रीमियम किया गया है। इसके साथ ही आशीष बजाज पहले टीम लीडर बन गए है। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने आशीष बजाज और उनकी धर्मपत्नी मोनिका बजाज को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रोहतक डिवीजन के सीनियर डीएम एच दीपक कुमार, मार्केटिंग मैनेजर राजेश गुप्ता, सेल्स मैनेजर उमेश नागपाल सीएलईए मनोज सहगल सहित हिसार शाखा प्रथम के मैनेजर लोकेश मीना, विक्रम मिश्र, यशपाल मलिक, सज्जन पवार, सुशील कुमार, रितु रानी, सुनीता कटारिया, रिमी गुप्ता, रंजीत कौर, गीता खंडूजा मौजूद थे।



हिसार। समारोह में मौजूद अतिथि एवं अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा की आवश्यकता बन चुका : कृष्ण चंद्र

- आरडीएम स्कूल में एआई प्रशिक्षण सत्र आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

आरडीएम सरस्वती स्कूल उकलाना में शिक्षकों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभावी उपयोग को लेकर एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में साहिल मेहता ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में शिक्षकों को एआई आधारित शिक्षण तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र में सभी शिक्षकों ने एआई से जुड़े अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। विद्यालय के चेयरमैन कृष्ण चंद्र शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा की आवश्यकता बन चुका है। यदि हमें बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है तो शिक्षकों को आधुनिक तकनीक से लैस करना बेहद जरूरी है। एआई के माध्यम से शिक्षण न केवल आसान होता है, बल्कि बच्चों की सीखने की क्षमता भी कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे।



उकलाना। प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा लेते शिक्षक व अन्य।

### पीसीएसडी विद्यालय में एनएसएस शिविर का समापन

## स्वयंसेवकों को अच्छे कार्यों के लिए प्रमाण-पत्र वितरित

**समाज के प्रति सम्पूर्ण रूप से समर्पित रहें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पीसीएसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन पर समारोह आयोजित किया गया। समारोह में हांसी प्रथम के खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार व उनके सहयोगी दिनेश कुमार बत्रा व राष्ट्रीय सेवा योजना हिसार के कोर्डिनेटर नरेन्द्र कुमार दुहन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कार्यक्रम का प्रारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार व राष्ट्रीय सेवा योजना हिसार के कोर्डिनेटर नरेन्द्र दुहन ने मां सरस्वती के समक्ष ज्योत प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर किया गया।



हांसी। एनएसएस समारोह का शुभारंभ करते खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

*इस अवसर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा और स्वच्छता के विषय में अवगत करवाते हुए कहा कि स्वयंसेवको कि सच्ची सेवा समाज के प्रति सम्पूर्ण रूप से समर्पित रहना है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कोर्डिनेटर नरेंद्र दुहन ने स्वयं सेवकों को आत्म विश्वास, माता- पिता व गुरुजनों कि सेवा से सम्बंधित शिक्षा प्रदान की। इस अवसर पर स्वयं सेवको द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या उर्मिला शर्मा, एनएसएस प्रभारी विजेंद्र कुमार, अमरजीत, किरण, रितु, मुकेश देवी, हीना, मनीषा, कुमारी रेनू सहित सभी अध्यापक और स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

### प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन आज

**हिसार।** मैनेजमेंट कमेटी गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा नागोरी गेट द्वारा धन धन श्री गुरु गोबिन्द सिंह महाराज जी का प्रकाश गुरु पर्व 5 जनवरी को बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्री गुरु सिंह सभा नागोरी गेट के प्रधान करमजीत सिंह प्रेस प्रवक्ता सोनू सिंह खुराना ने बताया कि दशम पादशाही गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश गुरुपर्व विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ 5 जनवरी को पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा।प्रकाश गुरु पर्व को लेकर 3 जनवरी को गुरुद्वारा साहिब में प्रातः 9:00 बजे सरबत की भलाई के लिए अरदास करके श्री अखंड पाठ साहिब प्रारंभ किया जाएगा। उसी दिन सुबह 11:00 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया में पंज प्यारों की अगुवाई में गुरुद्वारा सिंह सभा से नगर कीर्तन का आयोजन रहेगा जो शहर के विभिन्न मार्गो राजगुरु मार्केट, तेलियां पुल डोगराण मोहल्ला, भगत सिंह चौक,ऑटो मार्केट, गुलाब सिंह चौक से होता हुआ वापिस गुरुद्वारा साहिब नागोरी गेट पहुँचेगा। जहां पर संगतों द्वारा बधाई के शब्द का गायन होगा, वह सरबत की भलाई के लिए अरदास की जाएगी।

**सूचना**

मैं, रमेश चन्द्र पुत्र श्री मनोहर लाल निवासी गढ़ी अजीमा तह. नारनौंद जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरी पत्नी मोना देवी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इससे संबंध विच्छेद करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## शेखपुरा गांव में विधायक विनोद भयाना का किया सम्मान

# सीएम ने हांसी को जिला बना खोया गौरव वापस लौटाया : विनोद भयाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। शेखपुरा गांव में आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते विधायक विनोद भयाना। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हांसी को जिला बनाकर हांसी के खोए गौरव को वापस दिलाने का ऐतिहासिक काम किया है। इस निर्णय से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। यह बातें विधायक विनोद भयाना ने शेखपुरा गांव में उनके सम्मान में आयोजित समारोह में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कही।

यह कार्यक्रम विधायक विनोद भयाना द्वारा हांसी को जिला बनाने के लिए किए गए सफल प्रयासों के लिए उनके सम्मान में आयोजित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमने इलाके के लोगों से हांसी को जिला बनवाने का वायदा किया था जो आप सभी के सहयोग से पूरा हो गया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने जिला बनवाकर किसी पर कोई अहसान नहीं किया है बल्कि अपने कर्तव्य को सही ढंग से निर्वहन करने का काम किया है।

### विधायक का जोरदार स्वागत

शेखपुरा तथा आसपास के गांवों के लोगों ने विधायक विनोद भयाना को फूल मालाएं पहनकर जोरदार स्वागत किया। सैकड़ो लोगों द्वारा विधायक को जींद चुंगी से शेखपुरा गांव तक सम्मान के साथ ले जाया गया। शेखपुरा गांव के लोगों ने इस दौरान विधायक के सम्मुख गांव के विकास को लेकर कई विकास कार्यों की मांग रखी। विधायक ने सभी मांगों को पूरा करवाने की घोषणा की। इनमें मुख्यतः यादव धर्मशाला से ड्रेन तक गंदे पानी की निकासी व्यवस्था करवाने, श्मशान भूमि के लिए 20 लाख रूपए दिलवाने, जींद रोड़ से दलवीर के खेत तक पक्का रास्ता बनवाने, जाट धर्मशाला से जलघर तक गली का निर्माण करवाने तथा यादव धर्मशाला में हॉल के निर्माण के लिए 5 लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की।

### यह रहे उपस्थित

सम्मान समारोह के आयोजक ईश्वर बागड़ी, भाजपा नेता राजपाल यादव, विधायक के राजनीतिक सलाहकार दिनेश भूटानी, विधायक सुपुत्र साहिल भयाना, सुभाष यादव, बक्शी ठकराल, हरिराम सैनी, कैप्टन गंगाधर, अजय तनेजा, गोलू चावला, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार, सरपंच सुरेंद्र, प्रताप सिंह, हरपाल सैनी, कुलदीप खटाना, बंसी खटाना, संजय कसाना सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।





हिसार। मेयर प्रवीण पोपली व पार्षद डॉ. सुमन यादव का स्वागत करते विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुभाष चंद्र राजपूत तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते मेयर प्रवीण पोपली व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव 'सृजन'

- विद्यार्थियों ने सुंदर गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीता
- मुख्य अतिथि मेयर पोपली ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में इस वर्ष वार्षिक उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उत्सव का थीम "सृजन" रखा गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, प्रतिभा और सर्वांगीण विकास को मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर प्रवीण पोपली रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों के रूप में सेक्टर 16-17 से पार्षद डॉ. सुमन यादव, डॉ. अलका बिश्नोई, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुभाष चंद्र राजपूत, जींद विद्यालय की प्रधानाचार्या अरुणा, मैनेजमेंट पर्सन रेणु, इंडस ग्लोबल एकेडमी के डायरेक्टर प्रवीण परुथी तथा इंडस रोहतक के प्रिंसिपल दीपक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सुंदर गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके अतिरिक्त गणेश वंदना, महाभारत, भूखी लड़की का नृत्य, हारमोनियम वादन, हरियाणवी नृत्य, अंग्रेज़ी नाटक 'काली माता' सहित अनेक रंगारंग कार्यक्रमों ने समारोह को अत्यंत आकर्षक बना दिया।

इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने शिक्षा और रचनात्मकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाचार्य ने भी 'सृजन' थीम की महत्ता बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम का समापन उत्साह, प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा के साथ हुआ।

### छात्रों का सम्मान

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुभाष चंद राजपूत, रेणु, प्रवीण परुथी एवं अरुणा द्वारा अनेक विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेल उपलब्धियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप



### 69वें नेशनल स्कूल गेम्स के लिए हैंडबॉल टीम आज होगी राजस्थान के लिए रवाना

हिसार। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में 5 से 10 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाली 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स अंडर-14 (लड़के–लड़कियां) हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हरियाणा टीम का प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस प्रतियोगिता के लिए जिले से कुल 7 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिनमें से 6 खिलाड़ी लाडवा खेल नर्सरी से हैं। इन खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर शिक्षा विभाग हरियाणा निदेशालय द्वारा डिवाइन लाइट स्कूल लाडवा एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा में आयोजित किया गया। इस उपलब्धि पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में डीईईओ रामरतन सिंह, एईओ कुलदीप मलिक, एईईओ सुशील कुमार, सरपंच लाडवा रामफल पूनिया, प्रिंसिपल फूलवती लांबा, लाडवा गौशाला प्रधान आनंद राज, शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता परमेंद्र मलिक, डीपीई शक्तिवेश आर्य सहित डीपीई, पीटीआई एवं कोचों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। डीईईओ रामरतन सिंह ने प्रशिक्षण शिविर का भ्रमण कर खिलाड़ियों से परिचय किया तथा हरियाणा टीम को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई। टीम चीफ डिविजन डीपीई कुलदीप नैन ने बताया कि हरियाणा अंडर-14 टीम ने पिछले वर्ष भी पदक प्राप्त किए थे और इस बार भी टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। अंडर-14 हरियाणा टीम का 35 सदस्यीय दल राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के लिए रवाना हुआ। लड़कियों की टीम की कप्तान वंशिका (हिसार) तथा लड़कों की टीम के कप्तान दीपक (हिसार) बनाए गए हैं।



### महेंद्र दी जनता ट्रक यूनियन के प्रधान नियुक्त

हिसार। मोहल्ला सैनियान निवासी महेंद्र सिंह सैनी को दी जनता ट्रक यूनियन हिसार का प्रधान नियुक्त किया गया है। यूनियन के वर्तमान प्रधान विष्णु लांबा व कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों व ट्रांस्पोर्ट व्यापारियों ने नई अनाज मंडी स्थित यूनियन कार्यालय में एक बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से उन्हें यह पदभार सौंपा। यूनियन का पिछले 20 वर्षों से लगातार प्रधान का कार्यभार संभाल रहे विष्णु लांबा ने स्वास्थ्य कारणों के चलते अपना त्यागपत्र दिया जिसके उपरांत महेंद्र सिंह सैनी को सर्वसम्मति से दी जनता ट्रक यूनियन हिसार का प्रधान बनाया गया। विष्णु लांबा ने इस पर सहमति जताते हुए कहा कि उन्हें व कार्यकारिणी को इस पर कोई ऐतराज नहीं है। 1 जनवरी से महेंद्र सिंह ने यूनियन का कार्यभार संभाल लिया है। महेंद्र सिंह सैनी ने विश्वास दिलाया कि वे यूनियन के कार्य को आगे बढ़ाएंगे।

### फार्मर आईडी बनाने का काम शुरू : एसडीएम

हांसी। किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रत्येक किसान का किसान पहचान पत्र (फार्मर आईडी) बनाया जा रहा है। हांसी जिला में यह कार्य तेजी से प्रगति पर है। यह जानकारी देते हुए एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि किसान पहचान पत्र बनने से किसानों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा और पारदर्शी लाभ मिलेगा। किसान पहचान पत्र के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र किसान किसी भी योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि किसान पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ा जा रहा है। आधार से लिंक करने का कार्य भी हांसी जिला में तेजी से किया जा रहा है, ताकि किसानों की पहचान प्रमाणिक हो सके और डुप्लीकेसी की संभावना समाप्त हो। इससे कृषि से जुड़ी योजनाओं, सब्सिडी, मुआवजा, बीमा तथा अन्य सुविधाओं का लाभ सीधे वास्तविक किसानों को मिल सकेगा।

### विश्वास स्कूल में विज्ञान कार्यशाला का आयोजन

हिसार। अर्बन एस्टेट स्थित विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा 1 व 2 जनवरी को आयोजित दो दिवसीय विषय-विशिष्ट विज्ञान कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्कूल के विज्ञान शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सीबीएसई रिसोर्स पर्सन शीतल और अलीनजीत ने अत्यंत रोचक, ज्ञानवर्धक और संवादात्मक सत्रों का संचालन किया। कार्यशाला में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, प्रयोगात्मक गतिविधियों और विज्ञान के व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर विशेष ध्यान दिया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

# चीफ जस्टिस 10 को नारनौंद में करेंगे कोर्ट का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद



नारनौंद। गांव पेटवाड़ में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन और एसडीएम विकास यादव।

देश के चीफ जस्टिस सूर्यकांत 10 जनवरी को नारनौंद में कोर्ट का शुभारंभ ओर नई कोर्ट परिसर की आधारशिला रखेंगे। उसके बाद उनके पैतृक गांव पेटवाड़ के खेल स्टेडियम ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। साथ में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। इसके लिए प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन और एसडीएम विकास यादव ने गांव तैयारी को लेकर जायजा लिया।

देश के चीफ जस्टिस बनने के बाद सूर्यकांत पहली बार नारनौंद आ रहे हैं। इस क्षेत्र के लोगों की मांग थी कि नारनौंद में कोर्ट बनाया जाए। इसको लेकर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों ने उनके सामने मांग रखी थी।

लोगों की मांग पूरी होने जा रही है। 10 जनवरी को चीफ जस्टिस सूर्यकांत नारनौंद में कोर्ट का शुभारंभ करेंगे और उसके बाद उपमंडल परिसर के पीछे ही नई कोर्ट परिसर बनाने के लिए आधारशिला रखेंगे। और फिर बार एसोसिएशन के सदस्यों से रूबरू होंगे। उसके चीफ जस्टिस अपने पैतृक गांव पेटवाड़ में जाएंगे गांव के खेल स्टेडियम में ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। फिर वो अपने घर भी जाएंगे। फिलहाल गांव उनके बड़े भाई मास्टर ऋषिकांत अपने परिवार सहित रहते हैं।

### बुजुर्ग करेंगे सम्मान

करीब एक सप्ताह पहले ग्रामीणों की सामूहिक पंचायत हुई थी। जिसमें फैसला लिया गया कि गांव के बुर्जुगों द्वारा उनका मान सम्मान किया जाएगा। क्योंकि इतनी बड़ी पदवी पर पहुंचने वाले वह पहले व्यक्ति हैं। उन्होंने गांव ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। सभी ग्रामीण उनका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गांव में उनको देशी खाना खिलाया जाएगा इसके लिए सूची बनाई जा रही हैं। गांव के सरपंच प्रतिनिधि सतबीर सिंह ने बताया कि पूरे गांव की तरफ से सामूहिक स्वागत गांव के स्टेडियम में किया जाएगा। ग्राम पंचायत द्वारा गांव की साफ सफाई करवाई जा रही हैं।

### डॉ. साक्षी चौधरी बनी ऑल इंडिया महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव



डॉ. साक्षी चौधरी को महिला कांग्रेस की सचिव नियुक्त किए जाने का पत्र सौंपती अलका लांबा।

हांसी। देव डायग्नोस्टिक सेंटर की संचालिका डॉ. साक्षी चौधरी को ऑल इंडिया महिला कांग्रेस का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। आल इंडिया महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा द्वारा साक्षी चौधरी को पत्र जारी कर यह दायित्व सौंपा गया है। अलका लांबा द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आपको अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का सचिव नियुक्त किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। यह नियुक्ति भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की विचारधारा के प्रति आपकी प्रतिबद्धता, संगठनात्मक क्षमता एवं समर्पण को ध्यान में रखते हुए की गई है। वहीं डॉ. साक्षी चौधरी ने महिला कांग्रेस का प्रदेश सचिव नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हाईकमान द्वारा जो दायित्व सौंपा गया है उस पर वह पुरी मेहनत व लगन के साथ कार्य करेंगी और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगी।

### 25 जरूरतमंदों के मोतियाबिंद के मुफ्त ऑपरेशन करवाए

हिसार। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा सीएसआर के अंतर्गत आज 25 जरूरतमंद मरीजों के आंखों के मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन करवाए गए। इस अवसर पर वित्त निदेशक रतन कुमार वर्मा ने निगम के अधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर प्रभु वंदना की तथा सभी ऑपरेशनों की सफलता के लिए प्रभु-परमात्मा से प्रार्थना की। इस अवसर पर निगम के कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ के सदस्य, मुख्यालय के फाइनेंशियल एडवाइजर नरेश मेहता, अधीक्षण अभियंता फहीम रजा नकवी, एसके सिंह, विजेंद्र लांबा, मेडिकल ऑफिसर डॉ. सौरभ दहिया, कार्यकारी अभियंता रविंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजेन्द्र हांसी व सुभाष कुंडू हिसार जिले के प्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



सुभाष कुंडू
जिला प्रधान, हिसार।



राजेन्द्र सोरखी
जिला प्रधान, हांसी।

आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने हरियाणा में पार्टी को और अधिक सक्रिय करने के उद्देश्य से जिला व विधानसभा हलका स्तर पर नियुक्तियां की हैं। इसके तहत राजेन्द्र सोरखी को हांसी व सुभाष कुंडू को हिसार जिला अध्यक्ष नियुक्त करते हुए अन्य नियुक्तियां भी की गई है। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल व अन्य वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श करके अब तक हिसार जिले के प्रधान रहे राजेन्द्र सोरखी को हांसी जिला का प्रधान व सुभाष चंद्र कुंडू को हिसार जिले का प्रधान तथा फौजी सीताराम रेपसवाल को पार्टी का जिला प्रवक्ता बनाया है। इनके अलावा शक्ति सरपंच को बरवाला हलके का प्रधान, सुभाष लोहान को नारनौंद हलके का प्रधान, सूरजभान फौजी को आदमपुर हलके का प्रधान व अजय कल्याण को आम आदमी पार्टी की एससी विंग का हिसार जिला प्रधान नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर सभी नेताओं ने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता सहित सभी नेताओं का आभार जताया है।

# ओएसजीयू के कुलपति को वर्ल्ड मैनेजमेंट कांग्रेस में मिला प्रतिष्ठित नेशनल अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार




हिसार। अवॉर्ड प्राप्त करते ओएसजीयू के कुलपति डॉ. एनपी कौशिक।

शिक्षा और संस्थान निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) नरेंद्र प्रकाश कौशिक को प्रतिष्ठित 'नेशनल रिस्पॉन्सिबल इनोवेशन इन इंस्टीट्यूशन बिल्डिंग अवार्ड' से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित '46वीं वर्ल्ड मैनेजमेंट कांग्रेस 2025' के अवसर पर प्रदान किया गया। इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 'इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एजुकेटर्स फॉर वर्ल्ड पीस, भारतीय पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण संस्थान, भारतीय विश्वविद्यालय परिसंघ और उच्च शिक्षा, विकास की विश्व अकादमी द्वारा एवं विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से किया गया था। डॉ. कौशिक को यह पुरस्कार सुशासन, शैक्षणिक सहयोग और अनुसंधान के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों और उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए दिया गया है। इसी के साथ चयन समिति ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के बुद्धिजीवियों और विशेषज्ञों की सूची में से उनके नाम की अनुशंसा की थी। कुलपति की इस शानदार उपलब्धि पर विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल है। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने कुलपति डॉ. एन.पी. कौशिक को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. कौशिक के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है और यह सम्मान पूरे संस्थान के लिए गौरव की बात है। सम्मेलन के दौरान बताया गया कि इस पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य उन दिग्गजों को प्रोत्साहित करना है जो अपनी विशेषज्ञता और ज्ञान के माध्यम से एक बेहतर, स्वच्छ और समृद्ध समाज के निर्माण में योगदान दे रहे हैं। यह सम्मान सस्टेनेबल सोसायटी और बेहतर शिक्षा प्रणाली की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का प्रतीक है। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर, रजिस्ट्रार डॉ सत्यवीर सिंह एवं पूरे ओएसजीयू परिवार ने कुलपति को बधाई दी।

धर्म

## भगवान वेंकटेश की निकली शोभा यात्रा, गूंजे जयकारे

# तिरुपति धाम में नववर्ष पर उमड़े श्रद्धालु

- श्रद्धालुओं ने पालकी को कंधों पर उठाकर धाम की परिक्रमा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

श्री तिरुपति बालाजी धाम में नव वर्ष पर विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर अपने इष्ट की आराधना व पूजा-अर्चना की। इस दौरान भगवान वेंकटेश की सवारी शोभा यात्रा भी निकाली गई। इस सवारी शोभा यात्रा में भक्तों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। तिरुपति धाम में धनुर्मास महोत्सव व वैंकुठ उत्सव भी पूरी निष्ठा के साथ जारी है। प्रतिदिन भगवान वेंकटेश, माता श्रीदेवी, माता भूदेवी व माता गोदांबा की पूरे विधि-विधान से पूजा व आराधना की जाती है। इसी कड़ी में नव वर्ष पर भगवान वेंकटेश, माता श्रीदेवी व माता भूदेवी के विग्रह को विधानस्वरूप पालकी में विराजमान करके शोभा यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने पालकी को अपने कंधों पर उठाकर धाम की परिक्रमा की और वैकुंठ द्वार के दर्शन किए। इस दौरान श्रद्धालु जय श्रीमन्ननारायण, जय गोविंदा व जय भगवान वेंकटेश के जयघोष करते रहे। तिरुपति धाम में त्योहारों, उत्सवों व विशेष दिवसों पर सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचकर अपनी आस्था जताते हैं। नव वर्ष पर भी काफी संख्या में भक्तों ने भगवान वेंकटेश की आराधना करते हुए अपने परिवार व जनकल्याण की कामना की।



हिसार। तिरुपति धाम में निकाली गई भगवान वेंकटेश की सवारी शोभा यात्रा में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण। फोटो: हरिभूमि

### स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर दो चालान

हिसार। नगर निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त नीरज के निर्देशानुसार नगर निगम के अधिकारी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। शुक्रवार को एएसआई सरोज, एएसआई विजेता और तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुंडू ने ओल्ड ओवर ब्रिज के साथ काठ मण्डी में एक दुकान के द्वारा खुले में कचरा फैलाने व एक दुकानदार द्वारा कचरा एकत्रित करने के लिए डस्टबिन का प्रयोग न करने पर चालान किया गया। इसके अलावा टीम ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया।